## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- **केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ लीमा 2025 मलेशिया में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का करेंगे नेतृत्व, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में भारत के रक्षा उपकरण और तकनीकी क्षमताएं होंगी प्रदर्शित।**
- **रांची में किशोर न्याय अधिनियम पर राष्ट्रीय परामर्श बैठक हुई आयोजित, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– किशोरों को न्याय, संरक्षण और सम्मान देने से ही होगा सशक्त समाज का निर्माण।**
- **भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पूर्ण होने पर रांची में महिला सम्मेलन आयोजित, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने कहा– विकसित भारत के लक्ष्य में महिलाओं की भागीदारी जरूरी।**
- **एनटीपीसी पकरी बरवाडीह प्रोजेक्ट ने टस्कर अवाड्र्स में जीते तीन पुरस्कार, सामाजिक प्रभाव, ग्रामीण खेल और शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान।**
- **आईपीएल टी 20 क्रिकेट में आज डेहली कैपिटल और गुजरात टाईटंस होंगे आमने सामने।**

****************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पांच दिवसीय लंगकावी अंतरराष्ट्रीय समुद्री एवं अंतरिक्ष प्रदर्शनी (लीमा 2025) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। 20 से 24 मई, 2025 तक मलेशिया में आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में भारतीय मंडप की स्थापना की जाएगी जिसका उद्घाटन स्वयं रक्षा राज्य मंत्री करेंगे। इस दौरान भारत की कई सरकारी और निजी रक्षा कंपनियाँ भाग लेंगी और अपनी तकनीकी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगी। यह यात्रा भारत–मलेशिया के बीच रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी।

****************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में किशोर न्याय अधिनियम पर एक दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। रांची के न्यायिक अकादमी में आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि किशोरों को न्याय, संरक्षण और सम्मान देने से ही एक सशक्त समाज की नींव रखी जाती है। बैठक में झारखंड हाईकोर्ट की न्यायाधीश अनुभा रावत चौधरी सहित बाल किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति के सदस्यों, विशेष किशोर पुलिस इकाई के अधिकारीगण, जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी सहित अनेक हितधारकों की उपस्थिति रही। मौके पर किशोर न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी और संवेदनशील बनाने पर संवाद किया गया।

****************

जमशेदपुर के गोलमुरी में महिलाओं ने भव्य **सिंदूर यात्रा** निकाली, जिसमें विधायक पूर्णिमा दास साहू समेत सैकड़ों महिलाएं तिरंगा लेकर शामिल हुईं। इस यात्रा का उद्देश्य **ऑपरेशन सिंदूर** की सफलता और देश की सेना और प्रधानमंत्री के प्रयासों को सम्मानित करना था। मौके पर विधायक पूर्णिमा दास साहू ने कहा कि भारत की महिलाएं जरूरत पड़ने पर देश की रक्षा के लिए झांसी की रानी की तरह लड़ सकती हैं।

****************

प्रदेश भारतीय मजदूर संघ ने रांची में आज महिला सम्मेलन का आयोजन किया, जो संगठन की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। सीएमपीडीआई में आयोजित इस सम्मेलन में राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने महिलाओं की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका को रेखांकित

किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने में महिलाओं की सहभागिता बेहद जरूरी है।

***************

एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के हजारीबाग बड़कागांव स्थित पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने टस्कर अवार्ड्स 2025 में तीन श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। परियोजना को सामाजिक प्रभाव फिल्म और ग्रामीण खेल आउटरीच श्रेणियों में स्वर्ण पुरस्कार और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए रजत पुरस्कार मिला। इन पुरस्कारों के जरिए परियोजना द्वारा समुदाय, शिक्षा और खेल क्षेत्र में किए गए प्रयासों को सराहा गया।

***************

रांची में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने राज्य सरकार की नई शराब नीति का स्वागत किया है। अध्यक्ष परेश गट्टानी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद को धन्यवाद देते हुए इसे समयोचित कदम बताया। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों बाद लाई गई इस नीति को जल्द लागू किया जाना चाहिए, ताकि सरकार का 4 हजार करोड़ रुपये राजस्व लक्ष्य पूरा हो सके। चैंबर ने नीति में कई बिंदुओं पर सुझाव भी दिए हैं।

***************

गुमला जिले के 43वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपायुक्त गौरी शंकर मिंज और पूर्व पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर अतिथियों सहित पूर्व खिलाड़ियों, कर्मियों और पत्रकारों ने जिला से जुड़ी यादों को साझा किया। मौके पर पूर्व उपायुक्त गौरी शंकर मिंज ने कहा कि गुमला ने विकास के कई मुकाम तय किए हैं और आने वाले वर्षों में यह जिला और आगे बढ़ेगा।

***************

जमशेदपुर के हाता चौक पेट्रोल पंप लूटकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय लूट गिरोह के सरगना जल्ला फिरोज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपी पर झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में लूट के आठ मामले दर्ज हैं।

***************

बोकारो के नक्सल प्रभावित नावाडीह थाना क्षेत्र में हुए हत्याकांड का पुलिस ने 48 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। हजारीबाग के सिरौय गांव निवासी हेमलाल पंडित की हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी के नेतृत्व में चंपा देवी, उसके मित्र प्रकाश सिंह और दो शूटर डोमन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी पिस्तौल, एक देशी कट्टा और छह जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।

***************

गिरिडीह में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने खाद्य आपूर्ति विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर कई निर्देश दिए।

***************

आज राज्य के कई जिलों में दोपहर बाद आई आंधी–तूफान और बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही आंशिक बादल छाए रहे और दोपहर के बाद गरज के साथ मध्यम

बारिश हुई। रांची में अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के अनुसार आगामी दिनों में भी बादल छाए रहने और बारिश की संभावना बनी हुई है।

****************

आईपीएल टी 20 क्रिकेट में आज डेहली कैपिटल और गुजरात टाईटंस आमने सामने होंगे। यह मैच दिल्ली के अरूण जेटली स्टेंडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

*******समाप्त********